देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 203 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 14 नवंबर 2020

**विचार-प्रवाह...**एनडीए के सिर पर ताज

**शुभ दिपावली...**पेज श्री परिवार की ओर से देशवासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं।

PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 25.0° | न्यूनतम 13.0°

37229.52

2 इमरान ने बाथरूम में लगवाया था कैमरा
7 कोहली की पैटरनिटी लीव सम्मान

## संक्षिप्त समाचार

### प्राकृतिक आपदा झेलने वाले 6 राज्यों को आर्थिक सहायता का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय कमिटी ने तूफान , बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित देश के 6 राज्यों के लिए आर्थिक सहायता की मंजूरी दी है। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और सिक्किम के नाम शामिल हैं जिसे 4,381.88 करोड़ रुपये का फंड दिया गया है। इस वर्ष इन राज्यों में चक्रवाती तूफान एंफन के अलावा बाढ़ और भूस्खलन का भी प्रकोप रहा। इस मंजूरी के बाद देश के 6 राज्यों को 4,381.88 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### एलएसी पर कई अहम मुद्दों के निपटारे पर जोर दे रहे भारत–चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लद्दाख। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर मई महीने से जारी गतिरोध के बीच बड़ी खबर है। सूत्रों की मानें तो पूर्वी लद्दाख पर दोनों देशों के बीच तनाव जल्द ही खत्म हो सकता है। दोनों देशों की सेनाओं ने यथास्थिति बरकरार रखने के लिए तीन चरणों में पीछे हटने की योजना पर सहमति दी है। इसी बीच भारत पूर्वी लद्दाख में तनाव के अलावा अन्य मुद्दों के निपटारे पर भी जोर दे रहा है, उम्मीद की जा रही है कि किसी भी समझौते पर सहमती बन सकती है जिसमें एलएसी पर अन्य विवादित क्षेत्र शामिल हो सकते हैं।

### सीएम नीतीश ने कैबिनेट भंग किया, राज्यपाल से मिलकर सौंपा इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार में नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल फागू चौहान से मिलकर इस्तीफा सौंपा। सीएम नीतीश ने शुक्रवार शाम को कैबिनेट की बैठक में विधानसभा भंग करने की घोषणा की। साथ ही कैबिनेट के सभी सदस्यों को धन्यवाद कहा है।

# आयुर्वेद भारत की विरासत

## पीएम मोदी ने आयुर्वेद दिवस पर देश को समर्पित किए दो राष्ट्रीय संस्थान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आयुर्वेद दिवस पर दो आयुर्वेद संस्थानों को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के जामनगर के आयुर्वेद अध्यापन एवं अनुसंधान संस्थान और जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का उद्घाटन किया। इस मौके पर बोलते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल में आयुर्वेद के महत्व और इसके फायदे को लेकर बात की।

आयुर्वेद दिवस पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद के महत्व को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन, पारंपरिक दवाओं पर शोध ा को मजबूत करने के लिए भारत में पारंपरिक चिकित्सा पर डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर की स्थापना कर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आयुर्वेद हमारी परंपरा है और

### धनतेरस के मौके पर देशभर में मनाया जा रहा है आयुर्वेद दिवस

कोरोना काल में आयुर्वेद की परंपरा से देश को फायदा मिला। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी काल में हल्दी समेत कई अन्य चीजों ने इम्युनिटी बूस्टर का काम किया है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि कोरोना काल में आज दुनिया भर में लोग आयुर्वेद को लेकर बात करते रहे हैं, वह इसके बारे में जानना चाहते हैं। आयुर्वेद को लेकर दुनिया में रिसर्च हो रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश में कोरोना वैक्सीन का ट्रायल चल रहा है। इसके साथ ही करीब सौ से अधिक जगहों पर आयुर्वेदिक दवाओं को लेकर भी रिसर्च चल रही है।

**भारत के पास आरोग्य से जुड़ी बड़ी विरासतः** पीएम मोदी ने इस मौके पर भारत के आयुर्वेद के महत्व को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि ये सत्य है कि भारत के पास आरोग्य से जुड़ी कितनी बड़ी विरासत है, लेकिन ये भी उतना ही सही है कि ये ज्ञान ज्यादातर किताबों में, शास्त्रों में रहा है और थोड़ा-बहुत दादी-नानी के नुस्खों में, इस ज्ञान को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया जाना आवश्यक है। पीएम ने कहा कि मुझे भरोसा है कि हमारी कोशिशों से आयुष ही नहीं, बल्कि आरोग्य का हमारा पूरा सिस्टम एक बड़े बदलाव का साक्षी बनेगा।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इसी साल संसद के मानसून सत्र में दो ऐतिहासिक आयोग भी बनाए गए हैं – नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन, नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथी।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारत की मेडिकल एजुकेशन में इंटीग्रेशन की एप्रोच को प्रोत्साहित किया गया है। यह पारंपरिक दवा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य में अगुवा भी है, फिलहाल यहां 33 परियोजनाएं चल रही है।



### दो राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थानों का उद्घाटन

आयुष मंत्रालय के अनुसार, आज उद्घाटन किए गए दोनों ही आयुर्वेद संस्थान देश में आयुर्वेद के प्रतिष्ठित संस्थान हैं। जामनगर के आयुर्वेद अध्यापन एवं अनुसंधान संस्थान को संसद के कानून के माध्यम से राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (आईएनआई) का दर्जा प्रदान किया गया है, जबकि जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मानद विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया है।

# एलओसी के पास कई सेक्टरों में पाकिस्तान ने की गोलीबारी

## 3 नागरिकों की मौत, 3 जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। त्योहार के मौके पर पाकिस्तान ने कायराना हरकत दिखाते हुए शुक्रवार को एलओसी के पास अलग-अलग इलाकों में सीजफायर का उल्लंघन किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दौरान 3 जवान शहीद हो गए जबकि 3 नागरिकों की भी मौत हो गई। भारतीय सेना के अनुसार, एलओसी के पास कुपवाड़ा के केरन से बारामूला के उरी सेक्टर तक कई जगहों पर पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग की गई। भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। सूत्रों के अनुसार भारतीय जवाबी कार्रवाई में पाक के 8 जवान मार गिराए है।

बारामूला में पाकिस्तान की तरफ से युद्धविराम के उल्लंघन करते हुए भी फायरिंग की गई। इस नापाक हरकत में घायल हुए बीएसएफ के जवान राकेश डोभाल शहीद हो गए हैं। राकेश डोभाल उत्तराखंड के ऋषिकेश के गंगानगर के रहने वाले थे। वह बीएसएफ आर्टी रेजिमेंट के सदस्य थे और कॉन्स्टेबल पद पर तैनात थे।

**संदिग्ध घुसपैठ को नाकाम किया गयाः** श्रीनगर के रक्षा प्रवक्ता राजेश कालिया ने बताया, श्शुक्रवार सुबह एलओसी के पास केरन सेक्टर स्थित अग्रिम चौकियों पर संदिग्ध गतिविधि देखी गई। सैन्य टुकड़ियों ने संदिग्ध घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया। भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से बिना किसी कारण केरन सेक्टर पर मोर्टार भी दागे गए। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि सेना ने एक घुसपैठ की कोशिश नाकाम की जिसके बाद फायरिंग शुरू हो गई।

### बीएसएफ जवान के सिर पर लगी थी गोली

बीएसएफ के अनुसार, आज 12 बजकर 20 मिनट पर दुश्मनों से लोहा लेते हुए उनके सिर पर गोली लगी थी। सवा एक बजे उनका निधन हो गया। उधर, पुंछ जिले के सवजियान इलाके में भी पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग की जा रही है। भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

### कमलकोट में 4 नागरिकों की मौत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के कमलकोट सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ फायरिंग में 3 नागरिकों की मौत हो गई। उरी के कमलकोट के अलावा बांदीपोरा के गुरेज सेक्टर और कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में भी सीजफायर उल्लंघन हुआ।

# देश में कोरोना के कुल मामले 87 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 44 हजार 878 मामले सामने आए हैं और 547 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही कुल मामलों की संख्या 87 लाख 28 हजार 795 हो गई है। वहीं मरने वालों की संख्या एक लाख 28 हजार 668 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में चार लाख 84 हजार 547 एक्टिव केस हैं। पिछले 24 घंटे में इसमें 4,747 मामलों की कमी आई है।

कोरोना से अब तक 81 लाख 15 हजार 580 मरीज ठीक हो गए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान 49 हजार 979 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी मिली। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मृत्यु दर 1.47 फीसद हो गई है। रिकवरी रेट 92.97 फीसद हो गई है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अनुसार गुरुवार को 11 लाख 39 हजार 230 सैंपल टेस्ट हुए। कुल अब तक 12 करोड़ 31 लाख ज्यादा सैंपल टेस्ट हो गए हैं। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख के पार चली हुई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख और 29 अक्टूबर को 80 लाख के पार चले हुए थे।

### कोरोना अपडेट

■लगातार घट रहे एक्टिव केस

**दिल्ली में जानलेवा साबित होने लगा कोरोना**

दिल्ली में कोरोना बेहद जानलेवा साबित होने लगा है। यहां गुरुवार को कोरोना के 7053 नए मामले आए। वहीं 6462 मरीज ठीक हुए। चिंता का विषय यह है कि 24 घंटे में 104 मरीजों की मौत हो गई। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने पहली बार अपनी रिपोर्ट में एक दिन में सौ से अधिक मरीजों की मौत की पुष्टि की है। कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में हालात सुधरते दिख रहे हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# राहुल गांधी एक नर्वस नेता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राहुल गांधी को लेकर अपनी किताब में बड़ी बात कही है। ओबामा ने अपनी आत्मकथा ए प्रॉमिस्ड लैंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र किया है। ओबामा ने अपनी आत्मकथा ए प्रॉमिस्ड लैंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नर्वस और कम योग्यता वाला बताया है। किताब में ओबामा ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का भी जिक्र किया है।

### बराक ओबामा की किताब में राहुल गांधी का जिक्र

बराक ओबामा ने अपनी किताब में लिखा है, 'राहुल गांधी एक ऐसे छात्र हैं जिन्होंने कोर्सवर्क तो किया है और शिक्षक को प्रभावित करने के लिए उत्सुक भी रहे लेकिन इस विषय में महारत हासिल करने के लिए या तो योग्यता नहीं है या जुनून की कमी है।' उन्होंने राहुल गांधी को 'नर्वस और बेडौल गुणवत्ता वाला' भी बताया है। समीक्षा में कहा गया है, हमें चार्ली क्रिस्ट और रहम एमैनुएल जैसे पुरुषों के हैंडसम होने के बारे में बताया जाता है लेकिन महिलाओं के सौंदर्य के बारे में नहीं। सिर्फ एक या दो उदाहरण ही अपवाद हैं जैसे सोनिया गांधी।